BCM School Basant Avenue dugri Ludhiana

Class -5

Hindi -Assignment

1. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें-

गुलीवर जहाज़ पर काम करता था। उसे यात्राएं करना अच्छा लगता था। हमेशा की तरह इस बार भी वह नए सफर पर निकला। अचानक तूफान में उसका जहाज़ फँस गया । सभी यात्री समुद्र में डूबने लगे। गुलीवर किसी तरह किनारे पहुँचा ।वह बहुत थक गया था ।इसलिए वह ज़मीन पर ही सो गया। जब उसकी नींद खुली तो उसने अपने- आप को पतले-पतले धागों में बँधा हुआ पाया।

प्रश्न.1 गुलीवर को क्या करना अच्छा लगता था?
प्रश्न.2 गुलीवर ज़मीन पर क्यों सो गया?
प्रश्न.3 वर्ण विच्छेद करो- गुलीवर
प्रश्न.4 गद्यांश में से अनुस्वार और अनुनासिक वाले शब्द चुनकर लिखिए-
प्रश्न.5 रिक्त स्थान भरो-
सभी यात्री……. में डूबने लगे।

2. उचित विराम चिन्ह लगाओ-
क. दरवाज़े पर कौन है
ख. मीणा रेखा एवं सुलेखा जाएँगी
ग. वाह तुम्हें तो इनाम मिला है
घ. बगीचे में सुंदर सुंदर फूल खिले हैं

3. सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो।
1.……खाना खा रहा हूँ।
2. यह……स्वेटर है?
3. दूध में…..गिर गया है।
4….. करोगे ,वैसा भरोगे।

4. सर्वनाम शब्द चुनकर उसका भेद लिखो-
1. मैं अपना गृह कार्य स्वयं करूँगा।
2. श्रीनगर कौन जाएगा?
3. जिसने लाल साड़ी पहनी है ,वह मेरी मम्मी है।
4. वह राजू की कार है।

5. वाक्यों के लिए उचित मुहावरे चुनो-
1. मैंने शालू से पेंसिल माँगी तो उसने मुझे………..।
2. विभीषण की बात सुनकर रावण…………..।

6. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखकर एक स्थान भरें-
1. जो अपने देश को छोड़कर विदेश में रहता है उसे……. कहते हैं।
2. अन्न उगाने वाले को…….. कहते हैं।
3. जो पत्रिका पंद्रह दिन में एक बार आती है। वह……. पत्रिका है।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनो-
1) दो शब्दों को जोड़ने के लिए….. चिन्ह का प्रयोग होता है -
क) विस्मयादिबोधक ख. योजक चिह्न ग.पूर्णविराम

2) कमल……राष्ट्रीय पुष्प है।
क. मैं  ख. तुम  ग. हमारा
3) (वार) के अनेकार्थी शब्द हैं-
क. दिन /हमला  ख. हमला /माला  ग. दिन/ दीन
4) अधर में लटना -मुहावरे का अर्थ है-
क. पार हो जाना  ख. बीच में रह जाना  ग. लज्जित होना
5) वाक्यांश के लिए एक शब्द- समाज से संबंध रखने वाला होता है-
क. भौगोलिक  ख. ऐतिहासिक  ग. सामाजिक